STEPPING STONE SCHOOL (HIGH)

Class-iv

Subject- Hindi

Date- 3.6.2020

Worksheet-16 Time limit-30minute

दिए गए कविता को ध्यान से पढ़े, इसका अर्थ दिया जा रहा है उसे पढ़े और समझें

साथ ही वर्तनी लिखें.।

शब्दार्थ को लिखें और याद करें।

तुम धुन के पक्के रहो सदा,
रास्ता न बदलो बार-बार।
सीखो पथ की बाधाओं को,
मुसकराकर करना नमस्कार।

बढ़ते जाएँ सानंद चरण,
उल्लास हृदय में रहे बना।
सच मानो वह दिन दूर नहीं,
जब फलीभूत होगा सपना।

भय मत मानो अंधकार से,
दीपक एक जला लो तुम।
व्यवधानों को मीत बनाकर,
जो चाहो वह पा लो तुम।

—महेशचंद्र त्रिपाठी

शब्दार्थ (Word - Meaning) (लिखें और याद करें)

गति	–	चाल	मंज़िल	–	लक्ष्य
धुन	–	लगन	पथ	–	रास्ता
बाधा	–	रुकावट	सानंद	–	आनंद सहित
उल्लास	–	उमंग भरा उत्साह	फलीभूत	–	फलित (फलीभूत कार्य)
अंधकार	–	अंधेरा	व्यवधान	–	बाधा, रुकावट

बच्चों, भेजे जा रहे कविता के अनुच्छेद तीन (3rd Pauas) में यह बताया जा रहा है कि - कोई भी कार्य शुरू करो तो दृढ़ लगन से करो, बार-बार अपने विचार मत बदलो। बाधाओं को हँसते हुए पार करो और आगे बढ़ो।

अनुच्छेद -चार (4th Pauas) में बताया जा रहा - तुम अपने पथ पर खुशी से अपने कदम बढ़ाओ और अपने मन में जोश भरकर आगे बढ़ो, देखना एक दिन तुम्हारा सपना अवश्य पूरा होगा।

अनुच्छेद पाँच (5th Pauas) में बताया जा रहा है - असफलता रूपी अंधकार से मत डरो, मन में ज्ञान का दीपक जलाओ और बाधाओं को पार कर अपने लक्ष्य को पा लो।

I कविता को अच्छे से पढ़ें, समझें और लिखें।

II कविता में रेखांकित (Underlines) वर्तनी को पेपरशीट पर उतारें और अभ्यास करें।

III शब्दार्थ को उतारें और याद करें।